खंड-अ -

प्रश्न.१) दिए गए प्रश्नों के सही उत्तर चुनकर लिखिए -

१) महल में कितने दिन रहने के बाद मंगू वापस चला गया ?

अ) दो दिन आ) दस दिन इ) बीस दिन ई) पंद्रह दिन

२) बंदर कैसा था ?

अ) ईमानदार आ) लालची इ) समझदार ई) मूर्ख

३) सिंहराज को क्या हुआ था ?

अ) गहरी चोट आ) जुकाम इ) डाइबिटीस ई) कुछ भी नहीं

४) हम सबकी क्या ज़िम्मेदारी हैं ?

अ) सफ़ाई रखना आ) गंदगी रखना इ) आराम से बैठना ई) सोते रहना

५) अंकों की दावत में किसका मज़ाक उड़ाया गया ?

अ) एक आ) दो इ) तीन ई) ज़ीरों

६) हमें किसी को अपने आप से कैसा नहीं समझना चाहिए ?

अ) कम आ) ज़्यादा इ) बड़ा ई) अमीर

७) छोटे लड़के को जिस घोड़े पर बैठाया था . उसका नाम क्या था ?

अ) ब्लैकब्यूटी आ) रूड़ी इ) श्याम ई) इनमे से कोई नहीं

८) आपको आगे बढ़ना है तो आप क्या करेंगे ?

अ) बुराई आ) पाप इ) अच्छे गुणों को अपनाएँगे ई) कुछ नहीं करेंगे

९) अधिक सामान ढोने के लिए कैसे पहिए बनाए गए ?

अ) रबड़ के पहिए आ) बड़े पहिए इ) लकड़ी के पहिए ई) मिट्टी के पहिए

१०) पहिए बनने से क्या लाभ हुआ ?

अ) समय खराब आ) समय लंबा लगने लगा इ) समय की बचत हुई ई) कुछ परिवर्तन नहीं हुआ

११) ' उपहास ' शब्द का अर्थ क्या होगा ?

अ) रात आ) मज़ाक उड़ाना इ) खुद से ई) कभी –कभी

१२) ' फूट का बीज न बोते है ' से क्या मतलब है ?

अ) जो खाते है आ) जो घमंडी हो इ) जो आपस में लड़ाई न करते हो ई) जो खेलते रहते हैं

१३) " वधु " शब्द का बहुवचन रूप क्या होगा ?

अ) वधुए आ) वर इ) वधुएँ ई) वधी

१४) " राम खाना खा रहा है |" वाक्य में संज्ञा शब्द क्या होगा |

अ) राम आ) खाना इ) खा ई) रहा है

१५) " तोता हरे रंग का है | " वाक्य में विशेषण शब्द क्या होगा ?

अ) तोता आ) हरे इ) रंग ई) रंग का है

१६) " सूरज उगता है | " वाक्य में क्रिया शब्द क्या होगा ?

अ) है आ) उगता इ) सूरज ई) कोई नहीं

१७) कौन –सा शब्द सूर्य का पर्यायवाची होगा ?

अ) दिनकर आ) वृक्ष इ) सुबह ई) अनल

१८) " आँखों में धूल झोंकना " मुहावरे का अर्थ क्या होगा ?

अ) धोखा देना आ) दौड़ना इ) नाचना ई) खेलना

१९) " चित्र बनाने वाला " अनेक शब्दों के लिए उचित एक शब्द क्या होगा ?

अ) लेखक आ) कवि इ) चित्रकार ई) डॉक्टर

२०) " तुम्हारा नाम क्या है ?" वाक्य में कौन –सा विराम चिह्न होगा ?

अ) पूर्णविराम आ) अल्पविराम इ) प्रश्नवाचक ई) विस्म्यादिबोधक

२१) भाषा के कितने रूप होते है ?

अ) दो आ) चार इ) तीन ई) छह

२२) प्रंतु शब्द का शुद्ध रूप क्या होगा ?

अ) पान्तु आ) पन्तु इ) परंतु ई) परतु

२३) " रानी खिलौने खेल रही है |" वाक्य में क्रिया का कौन –सा भेद होगा ?

अ) सकर्मक आ) अकर्मक इ) सामान्य ई) असामान्य

२४) व्यंजन कितने होते हैं ?

अ) ४ आ) ३३ इ) ३५ ई) ३६

खंड-ब

प्रश्न -२) दिए गए अपठित गद्यांश को पढ़िए और नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए | **(4Q x 1M=4M)**

बुधवार को सोहन का जन्मदिन है | वह अपने इस जन्मदिन पर सात साल का हो जाएगा | वह तीसरी कक्षा में पढ़ता है | वह हर साल अपना जन्मदिन धूमधाम से मनाता है | वह अपने घर को फूलों और गुब्बारों से सजाता है | वह शाम को केक काटता है | सब उसे जन्मदिन की बधाई के साथ सुंदर- सुंदर उपहार देते हैं | वह उस दिन बहुत खुश होता है |

१. सोहन का जन्मदिन कब है ?

२. सोहन इस जन्मदिन में कितने साल का हो जाएगा ?

३. सोहन कौन-सी कक्षा में पढ़ता है ?

४. 'शाम' का विलोम शब्द लिखिए |

प्रश्न -३) दिए गए उचित शब्दों से खाली – जगह भरिए |

अ) हमें बड़े – छोटो में ___________ नहीं करना चाहिए |

आ) __________ बनाने वाले ने सबका भला किया है |

इ) दुःख __________ का हरते हैं ,जो पापों से डरते हैं |

ई) घोड़े की पीठ के ऊपर ____________ लगी थी |

उ) मुझसे ही शुरू होती ___________ , सुनो शांति से करता विनती |

प्रश्न -४) दिए गए वाक्यों में सही (✓)या गलत (✕) का निशान लगाइए |

अ) बंदर सूने घर में घुसा | ( )

आ) गप्पू गीदड़ चापलूस था | ( )

इ) अंकों की दावत में १ से लेकर सौ तक के अंक आए | ( )

ई) मंगू आलसी था | ( )

खंड –क

प्रश्न -६) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो –तीन वाक्यों में उत्तर लिखिए |

अ) ज़ीरों ने विनती करते हुए सभी अंकों को क्या समझाया ?

आ) आगे बढ़ने के लिए आदमी में कौन –कौन से गुण होने चाहिए ?

इ) घड़ा देखकर बंदर ने क्या कोशिश की ?

ई)रजत के दिमाग में किस तरह के सवाल उठ रहे थे ?

प्रश्न-७) दिए गए प्रश्नों के उत्तर विस्तार से लिखिए |

अ) छोटा बालक घोड़े से कैसे गिर गया ?

आ) पहिए बनाने से क्या –क्या लाभ हुआ ?

प्रश्न -८) दिए गए शब्दों का अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए -

अ) दंड आ) अभिमानी इ) पाप ई) साथी उ) सेवक ऊ) उपहास

प्रश्न -९) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए |

अ) अपने मित्र को दीपावली की शुभकामनाएँ देते हुए पत्र लिखिए |

आ) " मेरा प्रिय पशु " विषय पर निबंध लिखिए |

इ) दिए गए संकेतों की सहायता से कहानी पूरी कीजिए |

एक व्यापारी – उसका गधा - नमक की बोरी – नदी – गधे का गिरना- बोरी का हल्का होना - गधे का ऐसा तीन बार करना – व्यापारी को उपाय सूझना – रुई की बोरी- नदी आना- गधे का गिरना – बोरी का भारी होना- सीख- कभीभी आलस न करना। काम को ईमानदारी से करना |

ई) फोन पर बाते करते हुए दो मित्रों के बीच का संवाद लिखिए |